धूमधाम से निकलेगी मठ सरकार की बारात

महाशिवरात्रि : आज मेंहदी, संगीत विवाह की तैयारियां जोरो पर

सिवनी नवभारत। जिले के नगरीय क्षेत्र स्थित आदि शंकराचार्य द्वारा पूजित सिद्धपीठ मठ मंदिर में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर देवाधिदेव महादेव और जगतमाता पार्वती का प्रतीकात्मक विवाह बड़े ही धूमधाम से मनाया जायेगा। महादेव और मां पार्वती के विवाह की तैयारी पूरी हो चुकी है। विवाह के लिए कार्ड भी छप गए है और इन्हें सिवनी शहर के हर घर तक पहुंचाया जा रहा है। इस बात की जानकारी श्री मठ महाकाल समिति सिवनी ने दी है।

श्री मठ महाकाल समिति द्वारा बताया गया कि जिले में जगत पिता शिव और जगतजननी मां पार्वती का प्रतीकात्मक विवाह बिलकुल ऐसे होता है जैसे आपके घर में विवाह समारोह आयोजन होता है। बिलकुल वैसे ही विवाह की सभी रस्मे भी होती हैं, जैसे हल्दी, मेहंदी, संगीत सभी।

भगवान शिव और मां पार्वती के विवाह की रस्म के तहत 13 को हल्दी रस्म अदा की गई। 14 को मेहंदी, संगीत, विवाह की तैयारियां जोरों पर है। कार्ड में सभी चीजें बिलकुल वैसी है जैसे कि जब अपने घरों में शादी विवाह के समय कार्ड में अंकित होता है। वर पक्ष, वधु पक्ष, रस्मों की तिथि अंकित की गयी है।

देवाधिदेव महादेव और मां पार्वती के विवाह में वर पक्ष (देवाधिदेव महादेव के रूप में स्वयं महादेव का हृदय स्थाल यानी मह मंदिर समिति और वधु पक्ष की बात करें तो वधू पक्ष (जगतजननी माता पार्वती) के रूप में लक्ष्मी नारायण मंदिर है। इसके बाद 14 फरवरी को मेहंदी एवं संगीत की रस्म रात्रि 08 चजे शुरू होगी। 14 फरवरी को रात्रि 8.30 बजे बगवान बोलेनाथ की भव्य महा आरती होगी। समिति ने बताया कि देवों के देव महादेव का शुभविवाह 15 फरवरी को संपन्न होगा, जिसके लिए विवाह स्थाल माठ मंदिर के बगल में ही खेत में बनाया जा रहा है। भगवान शिव की बारात मठ मंदिर से ही शाम 5 बजे प्रस्थान करेगी।

समिति ने बताया कि विवाह प्रतीकात्मक है, जिसमें स्वयं देवाधिदेव महादेव बनेगें दूल्हा एवं आप और हम बाराती के रूप में सम्मिलित होगें। साथ ही समस्त भूत-प्रेत एवं देवी-देवता की झांकी आकर्षण का केन्द्र रहेगी। अत: आप सभी भगवान शिव की इस बारात में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

छपारा में आयोजित होंगे विविध अनुष्ठान, निकलेगी शोभायात्रा

छपारा नवभारत। पूर्व के वर्षों के अनुरूप इस वर्ष भी आगामी 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व को धूमधाम से मनाऐ जाने को लेकर नगर में आयोजन समिति द्वारा जोर-शोर से तैयारियां जोरों पर जारी है आयोजन समिति के द्वारा जानकारी दी गई कि 15 फरवरी को शाम 5 नगर के तकिया वार्ड स्थित सुभाष ग्राउंड से शंकर मढिया के लिए भगवान शिव की प्रतिकात्मक बारात सजीव झांकियो सहित श्रृद्धालुओं के साथ निकाली जाएगी जिसमें आकर्षण अघोरी की टोली शामिल रहेगी तो वहीं नगर के सभी मंदिरों को भी पर्व के मध्य रंग-रोगन कर सुंदर साज-सजावट और रोशनी से जगमगाया गया है इसके साथ ही इस वर्ष उज्जैन के तर्ज में बाबा महाकाल की सवारी पालकी को नगर की हनुमान सेना के युवा सदस्यों द्वारा उठाई जाएगी।

कमल नगर स्थित शिव मंदिर में होगी महाआरती

बरघाट। नगर के कॉलेज रोड, कमल नगर में स्थित भगवान शिव मंदिर में आगामी 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व को भव्य एवं श्रद्धापूर्ण वातावरण में मनाने की तैयारियाँ प्रारंभ कर दी गई हैं। हाल ही में मंदिर के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण होने के पश्चात मंदिर परिसर को विशेष आकर्षक साज-सज्जा से सजाया जा रहा है। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भगवान शिव का विधि-विधान से अभिषेक एवं पूजन किया जाएगा। रात की 7:00 बजे भगवान शिव की महा आरती संपन्न होगी,इसके पश्चात भंडारे का आयोजन रखा गया है। भंडारे के उपरांत भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु भक्तगण भक्ति रस में सराबोर होंगे। मंदिर समिति द्वारा समस्त श्रद्धालुजनो से विनम्र निवेदन किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भगवान शिव के दर्शन करें, भंडारा प्रसाद ग्रहण करें एवं पुण्य लाभ अर्जित करें।

6 हजार रुपये की रिश्वत लेते पटवारी रंगे हाथ गिरफ्तार

सिवनी नवभारत। भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देशों के तहत योगेश देशमुख (पुलिस महानिदेशक, लोकायुक्त) के मार्गदर्शन में जबलपुर लोकायुक्त इकाई ने सिवनी जिले में बड़ी ट्रैप कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्रवाई के दौरान पटवारी को 6 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

लोकायुक्त सूत्रों के अनुसार, आवेदक भगतराम खरे (निवासी बोरीखुर्द, तहसील बरघाट, जिला सिवनी) ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी पत्नी बैगीन बाई खरे को उनकी माता द्वारा ग्राम पंचायत धपारा में स्थित खसरा नंबर 627 में से 1/5 हिस्सा दिया गया था। उक्त भूमि का सीमांकन कराए जाने के बाद पावती देने के एवज में

संबंधित पटवारी द्वारा 6,000 रुपये की रिश्वत की मांग की गई थी।

शिकायत की पुष्टि होने के बाद जबलपुर लोकायुक्त टीम ने योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप कार्रवाई की। 12 फरवरी 2026 को पटवारी कक्ष, राजस्व निरीक्षक मंडल धपारा, तहसील बरघाट में आरोपी पटवारी महेंद्र बिसेन (उम्र 51 वर्ष), हल्का नंबर 81-82 धपारा को 6 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया।

आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन 2018) की धारा 7, 13(1)(B) एवं 13(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

ट्रैप दल में शामिल अधिकारी

इस कार्रवाई में ट्रैप कर्ता निरीक्षक जितेंद्र यादव, निरीक्षक बृजमोहन सिंह नरवरिया सहित जबलपुर लोकायुक्त की विशेष टीम शामिल रही।

लोकायुक्त पुलिस ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार के मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

सिवनी में किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को प्रेषित किया ज्ञापन

सिवनी नवभारत। जिले के किसानों, मजदूरों और आमजन की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर किसान नेता हुकुमचंद सनोडिया ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से भेजा गया है, जिसमें जिले के सभी विकासखंडों के ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ी गंभीर समस्याओं का उल्लेख किया गया है। ज्ञापन में बताया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत लाइनों और ट्रांसफार्मरों की खराब स्थिति के कारण फसलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं। झूलते तार और जर्जर खंभों से किसानों की फसल, कृषि उपकरण और संपत्ति को नुकसान पहुंच रहा है। ऐसी स्थिति में नुकसान की भरपाई के लिए उचित मुआवजा देने की मांग की गई है। साथ ही विद्युत लाइनों की ऊंचाई बढ़ाने और नियमित रखरखाव सुनिश्चित करने की आवश्यकता बताई गई है। गर्मी के मौसम में आगजनी की घटनाओं को देखते हुए प्रत्येक विकासखंड में दमकल वाहनों की संख्या बढ़ाने की मांग भी की गई है, ताकि समय रहते आग पर काबू पाया जा सके और जन-धन की हानि रोकी जा सके।

ज्ञापन में समर्थन मूल्य को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। मक्का, धान और गेहूं के घोषित दाम किसानों को न मिलने का आरोप लगाते हुए अंतर राशि भुगतान तथा खरीफ फसल के ऋण माफी की मांग की गई है। इसके अलावा फसल बीमा, बोनस और मुआवजा राशि को कर्ज समायोजन में न काटकर सीधे किसानों के खाते में जमा करने की मांग की गई है।

जिला युवा संधि महाशिवरात्रि पर वितरित करेंगी फलाहारी खीर

सिवनी, । जिला मुख्यालय से लगी बोरदई टेकरी स्थित महाकालेश्वर धाम में 15 फरवरी दिन रविवार को महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जिला युवा संधि समाजसेवी संस्था के द्वारा दर्शन-पूजन करने आने वाले भक्तों के लिए शीतल पेयजल की व्यस्था की जायेगी, साथ ही महाप्रसाद के रूप में साबुतदाना की खीर का वितरण भी किया जायेगा। जिला युवा संधि युवा समाजसेवी संस्था द्वारा बैठक आयोजित कर निर्णय लिया गया कि विश्व शांति के लिए भगवान भोलेनाथ से संस्था द्वारा प्रार्थना की जाएगी, साथ भगवान भोलेनाथ का पूजन अर्चन कर महा प्रसाद वितरण किया जाएगा। संस्था के राजा ठाकुर ने कहा कि जिला युवा संधि भक्तों के लिए एवं अभिषेक के लिए शुद्ध जल एवं प्याऊ का संचालन करेगी। विनोद सतनामी ने बताया कि संस्था के 26 वर्ष पूर्ण होने पर संस्था महाप्रसाद खीर का वितरण करेगी। दिलीप नेमा ने प्रशासन से अपील की है कि मेले में उचित पुलिस व्यवस्था, साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था की जाए, जिससे भगवान भोलेनाथ के भक्तों को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। बैठक में संस्था के रामगोपाल चौधरी, रोहित कश्यप, धनराज यादव, आशीष मिश्रा, अमित तिवारी, नीरोत्तम साहू, मनोज ब्रह्मवंशी, सुनील सनोडिया, संदीप सोनी, करण चौरसिया आदि स्वयंसेवक उपस्थित थे उक्त जानकारी संस्था के राजेश कुमार यादव ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में देते हुए समस्त पदाधिकारी एवं स्वयंसेवकों से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

भोपाल बना सरताज : ऑल इंडिया हॉकी टूर्नामेंट का जीता खिताब

अशोक एण्ड अशोक अभा हॉकी प्रतियोगिता का समापन

सिवनी नवभारत। स्व. श्री सौभाग्यचंद मालू मेमोरियल के अंतर्गत आयोजित अशोक एण्ड अशोक अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबला रोमांच और उत्साह से भरपूर रहा। दमदार खेल और रणनीतिक सूझबूझ का प्रदर्शन करते हुए भोपाल की टीम ने शानदार वापसी कर खिताब अपने नाम किया और टूर्नामेंट की सरताज बन गई।

मैच के प्रारंभ से ही दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। तेज आक्रमण, मजबूत डिफेंस और सटीक पासिंग ने दर्शकों को पूरे समय बांधे रखा। शुरुआती दौर में बिलासपुर ने लगातार दो गोल दागकर भोपाल टीम और उसके समर्थकों को दबाव में ला दिया। एक समय ऐसा प्रतीत हुआ कि मुकाबला बिलासपुर के पक्ष में जा सकता है।

किन्तु हाफ टाइम के बाद भोपाल ने जबरदस्त पलटवार किया। आक्रामक रणनीति और बेहतरीन तालमेल के साथ टीम ने लगातार तीन गोल दागकर मैच का रुख पलट दिया। निर्णायक क्षणों में खिलाड़ियों का संयम और आत्मविश्वास ही जीत का आधार बना। दर्शकों की भारी उपस्थिति में खेले गए इस मुकाबले में हर गोल पर मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। दर्शकों द्वारा खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर नगद पुरस्कारों की घोषणाएं भी की गई, जिन्हें मैच समाप्ति के पश्चात प्रदान किया गया। अंतत: विजेता भोपाल टीम को आयोजन समिति एवं मुख्य अतिथियों द्वारा ट्रॉफी एवं सम्मान राशि प्रदान की गई।

समापन समारोह सम्पन्न

यंग स्टार क्लब, सिवनी के तत्वाधान में आयोजित इस प्रतियोगिता का समापन समारोह 13 फरवरी 2026, शुक्रवार को पुलिस ग्राउंड में गरिमामयी वातावरण में सम्पन्न हुआ।

मुख्य अतिथि प्रो. इन्द्र प्रसाद त्रिपाठी, कुलगुरु, राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता का नहीं, बल्कि अनुशासन, धैर्य और नेतृत्व का भी माध्यम है। ऐसे आयोजन युवाओं को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से निरंतर अभ्यास, समर्पण और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

विधायक दिनेश राय मुनमुन ने यंग स्टार क्लब एवं आयोजन समिति की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इतने व्यवस्थित और भव्य स्तर पर अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन करना वास्तव में सराहनीय है। ऐसे आयोजन न केवल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि जिले की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करते हैं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों, स्वयंसेवकों एवं सहयोगियों को बधाई दी।

विशिष्ट अतिथि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव राजा बघेल ने प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 51,000 रुपए की राशि आयोजन समिति के माध्यम से खिलाड़ियों को प्रदान की।

समापन अवसर पर आयोजन समिति के सचिव अमित मालू ने सभी सहयोगियों एवं विभिन्न समितियों को सम्मान स्वरूप उपहार भेंट किए तथा आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया।

एक नजर में

शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती देंगे आशीर्वचन

सिवनी। जगतवंदनीय भगवान शिव और माता पार्वती जी के विवाह पूर्व होने वाले आयोजन में पूज्य शंकराचार्य का सानिध्य, दर्शन, आर्शीवाद श्रद्धालुओ को प्राप्त होगा। श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर समिति द्वारा इस वर्ष महाशिवरात्रि के सुअवसर पर होने वाले भगवान शिव-पार्वती के प्रतीकात्मक विवाह उत्सव में वधुपक्ष की भूमिका निभा रहा है अत: विवाहपूर्व होने वाली हल्दी-संगीत का भव्य आयोजन समिति द्वारा बस स्टैंड स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मन्दिर के समक्ष किया जा रहा है शाम 07 बजे प्रारम्भ होने वाले इस उत्सव में द्वारिका शारदापीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य पूज्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज के दर्शन और आशीर्वचन श्रद्धालुओ को प्राप्त होंगे। आयोजन समिति के नरेंद ठाकुर ने सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओ से इस आयोजन में उपस्थित होने की अपील की है।

मातृ-पितृ पूजन दिवस आज, खैरा पलारी में आयोजन

सिवनी। अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा जिला सिवनी की जिला युवा कार्यकारिणी के निर्णय अनुसार मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन आज शनिवार, 14 फरवरी 2026 को किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सुबह 10:00 बजे से किरार समाज मंगल भवन, खैरा पलारी में आयोजित होगा। युवा जिला अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र ठाकुर ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में माता-पिता के प्रति स्नेह, सम्मान और प्रेम की भावना को सुदृढ़ करना है। यह दिवस वैलेंटाइन डे के विकल्प के रूप में अपनी सांस्कृतिक परंपराओं के अनुरूप माता-पिता के सम्मान और पूजन हेतु मनाया जाता है। महासभा ने सभी सामाजिक बंधुओं से आग्रह किया है कि वे अपने माता-पिता के साथ उपस्थित होकर सामूहिक रूप से मातृ-पितृ पूजन में भाग लें और कार्यक्रम को सफल बनाएं। आयोजन के समापन पर स्वल्पाहार की व्यवस्था भी रखी गई है।

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति घंसौर में सामने आया जिंक घोटाला

पलायन कर चुके 12 किसानों के नाम पर काट दिया 60 बोरी जिंक का परमिट

घंसौर नवभारत। जिले के घंसौर विकासखंड में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति घंसौर में खाद वितरित किए जाने को लेकर बड़े खेल का खुलासा सामने में आया जहां 6 फरवरी 2026 को पिकप वाहन क्रमांक mp 135u 9196 में जिंक एवं बोरान की लगभग 60-60 ऐसे किसानों के नाम पर निकाल दी गई जो महीनों से क्षेत्र से पलायन करके बाहर रोजगार की तलाश में गए हुए हैं ऐसा एक मामला भी सुनने में आया है कि जिन 12 किसानों के नाम पर आदिम जाति सेवा सहकारी समिति द्वारा जिंक निकाली गई उनमें से एक मृतक भी बताया जा रहा है।

कुछ किसानों की स्थिति यह है कि वे चलने फिरने के लायक भी नहीं है तो सवाल यह उठता है कि इन किसानों के परमिट में आखिर किसने हस्ताक्षर कर के पूरा खेल किया है उक्त मामले में जानकार सूत्र बताते हैं प्रशासक द्वारा अपने घर में बैठकर परमिट काटा जाता है जिसके बाद प्रशासक के सिग्नेचर से कुछ पर्चियां निकाली जाती हैं जिनके आधार पर ही किसानों को खाद मिलती है वहीं पूरे मामले में समिति से जुड़े एक कंप्यूटर ऑपरेटर की भी संलिप्तता देखी जा रही है जो परमिट जारी करने का पूरा काम देखता है और उनके एक आदमी के द्वारा खाद की बोरियां बाजार में बेची जाती हैं और 6 फरवरी को भी यही हुआ शुरुआती पड़ताल में सामने आया है कि 12 किसानों में से 10 किसान क्षेत्र में ही नहीं हैं वे रोजगार की तलाश में बाहर पलायन कर गए हैं जो क्षेत्र में मौजूद हैं वे बुजुर्ग और बीमार हैं जिन्हें यह पता ही नहीं कि उनके नाम से कोई खाद निकली भी है जो किसान क्षेत्र में मौजूद हैं वे बताते हैं कि उनके द्वारा वर्षों पहले कुछ कागज आदिम जाति सेवा सहकारी समिति से जुड़े कुछ लोगों को के वाय सी कराने के लिए दिए गए थे जिनके आधार पर सोसायटी के जिम्मेदार पूरा खेल कर रहे हैं।

स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर पेड से टकराई, चालक को सुरक्षित बाहर निकाला गया

उगली नवभारत। गत दिवस उगली थाना के निकट उगली बीजाटोला के समीप बीजा कोट धाम जो गांव के बाहर स्थित है, एक सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार एमपी 22 सीए 7067 जो तेज रफ्तार से अनियंत्रित होकर चालक की लापरवाही के कारण सड़क के किनारे पलाश के वृक्ष से टकराने के बाद सड़क से नीचे उतर गई, प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार बरघाट निवासी एक युवक जो कार चला रहा था,पेड़ से कार टकराने के बाद प्रत्यक्ष दर्शियों दौड़े और चालक को

सुरक्षित निकाला गया, क्योंकि चालक ने सीट बेल्ट पहना हुआ था, कार को देखने के बाद दुर्घटना में कंडक्टर साइड के सामने के टायर बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण कार के सेफ्टी एयरबैग खुलने से चालक को किसी भी प्रकार की कोई चोट नहीं लगी चालक से घटना के बाद जानकारी मिली कि सामने से आ रही है एक दो पहिया मोटरसाइकिल को बचाने के चक्कर में मैंने अपने साइड कार को कंट्रोल किया है, क्योंकि यह दुर्घटना जिस स्थल पर हुई वह टर्निंग वाला एरिया है जहां पर वाहन धीरे से चलाना पड़ता है, खैर किसी भी प्रकार की कोई मानव क्षति नहीं हुई लेकिन कार के पर खच्चे उड़ गए।

आयोजन

संस्था का मूल मंत्र सेवा ही धर्म है, लोक उपकारी भावनाओं से ओतप्रोत संस्था की काव्यात्मक प्रार्थना का हुआ सामूहिक गान

भगवान महावीर के सिद्धांतों पर प्रवाहमान हो रहा महावीर इंटरनेशनल : संजय मालू

सिवनी नवभारत। श्री जैन श्वेतांबर धर्मशाला में विगत शाम श्री महावीर इंटरनेशनल संस्था की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम मंगलाचरण के रूप मे महामंत्र णमोकार का पाठ कर आगंतुक अतिथियो एवं संस्था के सभी पदाधिकारीयों द्वारा भगवान महावीर स्वामी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर सभा का प्रारंभ किया गया। लोक उपकारी भावनाओं से ओतप्रोत संस्था की काव्यात्मक प्रार्थना का सामूहिक गान किया गया। इस अवसर पर संस्था केआगंतुक पदाधिकारी अतिथि जन श्री वीर दिलीप भंडारी चंद्रपुर, वीर सोहन वैद्य बालाघाट,वीर तरूण सुराना बारासिवनी, वीर राकेश सचान, वीर विशाल राउत लांजी बालाघाट,वीर विनय सुराना का शाश्वत अभिनंदन किया गया।

भूमिका संबोधन के माध्यम से संस्था के सामाजिक अवदानों पर अपने विचार रखते हुए संस्था केअध्यक्ष एवं जोन सचिव वीर संजय मालू ने बताया कि महावीर इंटरनेशनल एक राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक सेवा संस्था है, जो भगवान महावीर के अहिंसा, करुणा और सेवा के सिद्धांतों से प्रेरित होकर विगत लगभग पांच दशकों से भी अधिक समय से समाज सेवा में अग्रणीय हो कर कार्यरत है। वर्ष 2017 में इस संस्था की आधारशिला हमारे नगर सिवनी में रखी गई। इस संस्था की स्थापना का मुख्य उद्देश्य मानव सेवा, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक उत्थान है। बालाघाट से पधारे संस्था के अंतर्राष्ट्रीय महासचिव वीर सोहन वैद्य जी ने संस्था के प्रमुख उद्देश्यो को निरूपित करते हुए बताया कि संस्था ने अब तक समाज के कमज़ोर और ज़रूरतमंद वर्ग की सेवा कर उन्हें स्वाबलंबन एवं आत्म निर्भरता की मूल धारा से जोड़ कर समृद्धशाली बनाया। संस्था द्वारा उसके प्रमुख कार्य क्षेत्रों पर प्रकाश डालते हुए श्री वैद्य ने बताया कि महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत उन्हें सिलाई-कढ़ाई, बुनाई ब्यूटीशियन, कंप्यूटर जैसे प्रशिक्षण प्रदान कर दक्ष कर स्वरोज़गार को प्रोत्साहित किया गया। स्वास्थ्य सेवा के तहत नि:शुल्क चिकित्सा शिविर रक्तदान, नेत्र परीक्षण कैंप के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं जरूरत मंदो को उपलब्ध कराई गई । दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग प्रदान कर उनकी सहायता की गई।

शिक्षा व संस्कार के क्षेत्र में संस्था की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए बताया गया कि निर्धन बच्चों की शिक्षा में सहयोग उन्हें स्टेशनरी, यूनिफॉर्म, छात्रवृत्ति आदि सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती रही है।

सामाजिक सेवा पर विचार रखते हुए संस्था के संस्था के महासचिव वीर संतोष जैन द्वारा बताया गया कि बाढ़ अकाल दुर्भिक्ष आदि बड़ी प्राकृतिक आपदाओ के समय राहत कार्य के अंतर्गत अनाज वस्त्र स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर संस्था द्वारा वर्तमान तीर्थेश अंतिम शासन नायक भगवान महावीर के नाम व सिद्धांतों को क्रियान्वित कर सार्थक किया गया। संस्था का मूल मंत्र ही सेवा ही धर्म है ।

इस अवसर पर सिवनी क्षेत्र की ओर से उन्होंने आगंतुक अतिथियो का एवं संस्था से जुड़े सभी सेवा समर्पित व्यक्तित्वों के प्रति कृतज्ञ आभार प्रगट किया।सभा का कुशल मंच संचालन करते हुए श्री दिगम्बर जैन जनरल पंचायत के सेक्रेटरी श्री पारस जैन ने कहा कि अच्छे कार्यों की अनुमोदना कर संस्था से जुड़ कर हम सभी संस्था को मजबूत करना चाहिए। अंत में राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन किया गया।

ये रहे उपस्थित

इस मुख्य आयोजन में सुदर्शन बाझल,पूर्व जिला सत्र न्यायाधीश प्रवीण शाह, डॉक्टर प्रवीण दिवाकर,नीलेश जैन जिला पंचायत,सुनील नाहर,प्रेम भूरा,सेठ आनंद जैन, संजय जैन संजू ,डॉक्टर मधुरेंद्र चौधरी,अंकित मालू,प्रफुल्ल जैन बंटी,विपुल जैन, आदित्य भूरा,आलोक जैन,नवीन जैन,नरेश सेवलानी ,सौरभ जैन आदि उपस्थित रहे।

जियो का नया रिचार्ज फरमान बना आमजनों के लिए मुसीबत

349 रुपए से कम के रिचार्ज पर दुकानदारों को चेतावनी कंपनी के दबाव के चलते रिटेलर्स की कमाई हुई आधी

छपारा नवभारत। टेलीकॉम सेक्टर की दिग्गज कंपनी जियो के एक नए अघोषित आदेश ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के उपभोक्ताओं के साथ-साथ छोटे दुकानदारों (रिटेलर्स) की नींद उड़ा दी है। कंपनी द्वारा छोटे रिचार्ज करने वाले दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी जा रही है, जिसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ रहा है। आलम यह है कि जो उपभोक्ता अपनी सामर्थ्य के अनुसार 219 या 299 रुपये का रिचार्ज कराने दुकान पर पहुँच रहे हैं, उन्हें मजबूरन खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। बाजार में स्थिति यह हो गई है कि जब भी कोई ग्राहक छोटा रिचार्ज कराने आता है, तो दुकानदार उसे 350 रुपये या उससे अधिक का रिचार्ज कराने की सलाह देते हैं। पैसे वाले लोग तो किसी तरह यह बोझ सह लेते हैं, लेकिन रोजाना दिहाड़ी मजदूरी करने वाले लोगों के लिए यह स्थिति अत्यंत कष्टकारी हो गई है। मजदूरों का कहना है कि मोबाइल अब लग्जरी नहीं बल्कि जरूरत है,

ऐसे में थोपा जा रहा यह अतिरिक्त आर्थिक बोझ उनके घर के बजट को बिगाड़ रहा है। कंपनी के इस दबाव से दुकानदार भी खासे परेशान हैं। रिटेलर्स का कहना है कि छोटे रिचार्ज बंद करने या कम करने की चेतावनी से उनकी दैनिक इनकम काफी घट गई है। ग्राहकों से बहस और नुकसान के चलते उनकी कमाई अब पहले के मुकाबले आधी रह गई है। दुकानदारों का आरोप है कि उन्हें कंपनी की तरफ से लगातार डराया जा रहा है कि अगर वे महंगे रिचार्ज नहीं बेचेंगे तो उनकी आईडी या सुविधाओं पर असर पड़ सकता है।

क्या कहते हैं डिस्ट्रीब्यूटर ?

इस पूरे विवाद के संबंध में जब जियो कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर अब्दुल नसीर से वार्ता की गई, तो उन्होंने इस विषय में कुछ भी कहने से इनकार किया वहीं उन्होंने इस संबंध में अपने इंदौर में बैठे सीनियर से बात करने की बात कहीं। उन्होंने इस विषय में साफ-साफ कहने से बिल्कुल मना किया गोलमोल जवाब देते रहे। वहीं स्थानीय रिटेलर्स बात में अडिग रहे कंपनी की इस मनमानी से और डिस्ट्रीब्यूटर्स के बढ़ते दबाव ने बाजार में असंतोष की लहर पैदा कर दी है। वहीं उपभोक्ताओं का कहना है कि अपनी पसंद का प्लान चुनना उनका अधिकार है, जिसे कंपनी जबरन नहीं छीन सकती।

आवश्यकता हैं
दुकान में काम करने हेतु लड़के लड़कियों की आवश्यकता हैं, ड्रायव्हर 2, (सैलरी 10 से 20 हजार)
समय : सुबह 10 से रात 8, बजे तक
संपर्क :- नारायणी सेल्स, साई हॉटेल के पीछे, तवकल लेआऊट वाडी नागपुर
70288 80502
86003 82146